आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शुक्रवार, 5 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 229, पृष्ठ 14
2 संस्करण, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

सिर्फ 50 रुपये में 21 तरह की जांचें शुरू

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को 23 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर चेयरमैन देव मूर्ति ने संस्थान के विभिन्न स्थानों पर स्थापित चार हेल्थ एटीएम का लोकार्पण किया। इनके जरिए मात्र 50 रुपये में हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ईसीजी, बोन डेंसिटी, मसल रेड, ब्लड आक्सीजन समेत 21 जांचें कुछ मिनट में हो जाती हैं। नेपाल से आए मरीजों ने इससे जांच कराई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग, चिकित्सक, विद्यार्थी और स्टाफ को सम्मानित किया गया।

मेडिकल कॉलेज स्थित आडिटोरियम में देव मूर्ति ने पिता और संस्थान के प्रेरणास्रोत स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व मंत्री स्व. श्रीराम मूर्ति के चित्र पर माल्यार्पण कर हवन पूजन किया। इसके बाद समारोह शुरू हुआ। कनेक्सस क्लब ने केक काटा और चेयरमैन को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान चेयरमैन ने एसआरएमएस ट्रस्ट के विभिन्न संस्थानों में पढ़ाए जा रहे सभी कोर्स में मेरिट में आए एक विद्यार्थी को निशुल्क प्रवेश देने की घोषणा की। कहा कि हर ब्रांच में मेरिट से आए एक विद्यार्थी का पूरा खर्च ट्रस्ट के जरिए किया जाएगा।

डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने संस्थान के डॉक्टर और स्टाफ को स्थापना दिवस की बधाई दी। ट्रस्टी आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डा.निर्मल यादव, डॉ.प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ.एलएस मौर्य, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. सुशील कुमार शर्मा, डॉ.नीलिमा मेहरोत्रा समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

एसआरएमएस में स्थापना दिवस पर स्टाफ को सम्मानित करते चेयरमैन देवमूर्ति।

- **एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज का 23 वां स्थापना दिवस मनाया**
- **चार हेल्थ एटीएम का लोकार्पण, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित**